# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

**मासिक प्रकाशन** **Monthly Publication**

**जून 2008 (अंक 180)** **June 2008 (Issue 180)**





श्री पवन कुमार बंसल, माननीय केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री 6 जून 2008 को नई दिल्ली में आयोजित विश्व बचत बैंक संस्थान की 15 वीं आमसभा में प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्रीमती श्यामा एस. बंसिया, आई.आर.एस., निदेशक (बजट), वित्त मंत्रालय, श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस. अपर सचिव (बजट), वित्त मंत्रालय एवं मि. मारडोन्स जोस लुईस, कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विश्व बचत बैंक संस्थान की आमसभा आयोजित की

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पिछले 60 वर्षों में पहली बार विश्व बचत बैंक संस्थान की 15 वीं आम सभा का आयोजन विश्व बचत बैंक संस्थान के सहयोग से 6 जून 2008 को दिल्ली में किया। इस आम सभा का विषय था ''सूक्ष्म वित्त द्वारा वित्तीय समावेश सुनिश्चित करना''।

श्री पवन कुमार बंसल, माननीय केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने इस आमसभा का उद्घाटन किया। उद्घाटन सम्बोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा प्रदान करना एक बड़ी चुनौती है जिसका सामना करना जरूरी है ताकि ग्रामीण लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवा दी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि डाकघरों एवं बैंकों द्वारा ग्रामीण लोगों के अनुरूप वित्तीय उत्पादों का निर्माण करना चाहिए ताकि सूक्ष्म वित्त की क्रियाकलापों के लिए ग्रामीण लोगों को ऋण उपलब्ध हो सके।

श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस. अपर सचिव (बजट), वित्त मंत्रालय ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्व बचत बैंक संस्थान की यह आम सभा सदस्य देशों में बीच अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग का विकसित करने में सहायक होगा। मि. मारडोन्सजोस लुईस, कार्यकारी अध्यक्ष एवं मि. क्रिस डी. नूज, प्रबंध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान कार्यक्रम का संचालन किया एवं श्रीमती श्यामा एस. बंसिया, निदेशक (बजट) ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। सभा के दरम्यान डा. बी.बी. भट्टाचार्या, उप-कुलपति, जे.एन.यू. विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, मि. रामनाथन, जेनरल मैनेजर, नाबार्ड एवं मि. कॅटि नकी, वरिष्ठ सलाहकार, सी.जी.ए.पी. एवं मि. क्रिस डी. नूज, प्रबंध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान ''सूक्ष्म वित्त द्वारा वित्तीय समावेश सुनिश्चित करना'' विषय पर अपने पेपर प्रस्तुत किये। इस आम सभा में विश्वभर से करीब 85 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस. अपर सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली 6 जून 2008 को नई दिल्ली में विश्व बचत बैंक संस्थान की 15 वीं आमसभा में स्वागत भाषण देती हुई। साथ में श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान एवं श्रीमती श्यामा एस. बंसिया, आई.ए.एस. निदेशक (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय।

## विश्व बचत संस्थान, इसकी भूमिका एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान

विश्व बचत बैंक संस्थान (डब्ल्यू.एस.बी.आई.), ब्रसेल्स (बेल्जियम) स्थित मुख्यालय की स्थापना 1924 में हुआ था एवं वर्तमान में 92 देशों के 109 बैंकिंग संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व बचत बैंक संस्थान का उद्देश्य विश्वभर में फैले बचत बैंकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना ताकि बचत बैंक धारणा के आवश्यक मूल्यों को बढ़ावा मिले एवं सदस्य देशों के विकास में योगदान करना एवं सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना। विश्व बचत बैंक संस्थान विश्वभर में सदस्य देशों के सहयोग से उनमें लाभ के लिये सेमिनार वं कार्यशाला का आयोजन करता है। इनके विषय स्थिति अनुरूप परिवर्तनीय जैसे – परंपरागत बैंकिंग से सार्वभौमिक बैंकिंग, पारा बैंकिंग सेवाँ, आवास नीतियाँ, खुदरा बैंकिंग, सूक्ष्म वित्त एवं बैंकिंग सेवा रहित लोगों में वित्तीय समावेश इत्यादि। विश्व बचत बैंक संस्थान सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग की भावना बढाने का भी कार्य करता है।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, विश्व बचत बैंक संस्थान का पुराना सदस्य है एवं पिछले 50 वर्षों में बचत की गतिमानता के क्षेत्र में महारत हासिल किया है। हाल के वर्षों में राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अनेकों कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों विकासशील देशों के लिए आयोजित किया है, उदाहरणस्वरूप (1) बचत बैंक मंगोलिया के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ''सूक्ष्म वित्त व सूक्ष्म ऋण'' विषय पर नागपुर में कार्यशाला का आयोजन (2) वियतनाम डाक बचत बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ''बाजार एवं बचत की गतिमानता'' विषय पर हनोई, वियतनाम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना एवं (3) ''वित्त तक पहुँच'' विषय पर नई दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन करना।



विश्व बचत बैंक संस्थान की 15 वीं आमसभा 6 जून 2008 को नई दिल्ली में भाग लेने आए प्रतिनिधि।




मि. मारडोन्स जोस लुईस, कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान, 6 जून 2008 को दिल्ली में आयोजित विश्व बचत बैंक संस्थान की 15 वीं आमसभा में प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्रीमती श्यामा एस. बंसिया, आई.आर.एस.निदेशक (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस. अपर सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विश्व बचत बैंक संस्थान के निदेशक, मंडल की 4 थीं बैठक 6 जून 2008 को नई दिल्ली में आयोजित की

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्व बचत बैंक संस्थान के सहयोग से निदेशक मंडल की 4 थी बैठक का आयोजन 6 जून 2008 को दिल्ली में किया। इसमें विभिन्न देशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, बचत बैंक संस्थान ने भाग लिया। श्रीमती एल.एम. वास, भा.प्र.से., अपर सचिव (बजट), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत की ओर से निदेशक मंडल के सदस्य की हैसियत से भाग लिया।

बैठक के दरम्यान, बहुत सारे मुद्दे पर बातचीत हुई, जैसे – पिछली बैठक की कार्यवाही की स्वीकृति, कार्यक्रम के मसौदे की स्वीकृति, भारतीय खुदरा बैंकिंग बाजार के विकास विषय पर प्रस्तुतीकरण। निदेशक मंडल के बैठक की अध्यक्षता मि. मारडोन्स जोस लुईस, कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान एवं कार्यक्रम का संचालन मि. क्रिस.डी. नूज, प्रबंध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान ने किया। बैठक के दरम्यान अध्यक्ष विश्व बचत बैंक संस्थान ने घोषणा की कि विश्व बचत बैंक संस्थान की 22 वी बैठक 30 अप्रैल/1 मई 2009 को चिली में होगी एवं इसका विषय होगा ''विश्वभर में वित्तीय समावेश : हमारी एक चुनौती''। बैठक के दौरान श्री. राज किशोर दुबे, जनरल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, नई दिल्ली ने ''भारतीय खुदरा बैंकिंग बाजार के मुख्य विकास'' विषय पर अपना पेपर प्रस्तुत किया।




मि. क्रिस.डी. नूज, प्रबंध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान (बायें से तीसरे) 6 जून 2008 को दिल्ली में आयोजित विश्व बचत बैंक संस्थान की 4 थी निदेशक मंडल की बैठक को सम्बोधित करते हुए। साथ में (बायें से दायें) मि. हेनरिच हसीस, जर्मनी, मि. मारडोन्स जोस लुईस, कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान एवं मिसेस कार्कोरओ आरमालडो रोजालेस रोजा, साम्वाडोर।

# अप्रैल 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड़ रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रैल 2007 | | अप्रैल 2008 | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 627.34 | -36.27 | 809.45 | 9.29 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3. | असम | 14.15 | 0.84 | 67.54 | 0.35 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 0.00 | 0.00 | 1.91 | 0.10 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 20.27 | -17.67 | 20.21 | -246.16 |
| 6. | बिहार | 343.13 | 1335.54 | 283.17 | 18.85 |
| 7. | झारखंड | 115.08 | -21.48 | 138.15 | -21.12 |
| 8. | चंडीगढ | 26.28 | -22.56 | 33.26 | -10.78 |
| 9. | दमण एवं दीव | 31.34 | -2.66 | 30.68 | 0.92 |
| 10. | दिल्ली | 375.45 | -205.78 | 386.30 | -107.48 |
| 11. | गोवा | 24.81 | -1.22 | 22.80 | -2.83 |
| 12. | गुजरात | 899.95 | -168.62 | 940.53 | -29.57 |
| 13. | हरियाणा | 304.18 | -62.78 | 306.76 | -29.38 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 169.88 | -2.47 | 154.79 | 8.96 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 99.96 | -5.92 | 62.27 | 2.18 |
| 16. | कर्नाटक | 386.21 | -147.67 | 388.26 | -40.11 |
| 17. | केरल | 293.09 | -26.27 | 309.01 | -12.26 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.07 | 0.02 | 0.11 | -0.02 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 283.01 | -84.62 | 284.74 | -33.28 |
| 20. | छत्तीसगढ | 95.27 | -33.64 | 101.22 | -20.06 |
| 21. | महाराष्ट्र | 935.79 | -227.04 | 945.89 | -51.55 |
| 22. | मणिपुर | 5.74 | -1.33 | 5.06 | -2.78 |
| 23. | मेघालय | 12.17 | -2.07 | 13.91 | 1.95 |
| 24. | मिझोरम | 6.55 | -0.68 | 5.63 | -0.46 |
| 25. | नागालैंड | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 26. | उडीसा | 183.12 | -9.11 | 157.74 | 0.38 |
| 27. | पांडीचेरी | 7.37 | -4.54 | 7.32 | -3.03 |
| 28. | पंजाब | 575.72 | -161.40 | 518.93 | -101.36 |
| 29. | राजस्थान | 459.25 | -225.05 | 434.70 | -161.13 |
| 30. | सिक्कीम | 3.86 | -1.62 | 0.00 | 0.00 |
| 31. | तमिलनाडू | 622.31 | -183.37 | 596.93 | -142.07 |
| 32. | त्रिपूरा | 16.80 | -0.80 | 29.65 | -2.50 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 1034.35 | -111.47 | 946.23 | -20.52 |
| 34. | उत्तरांचल | 145.32 | -9.09 | 148.63 | 5.71 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 1058.08 | -10.01 | 1011.04 | 128.61 |
| | कुल | **9175.90** | **-450.82** | **9162.82** | **-861.13** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR